मैं देखूं जिस ओर प्रभु जी

मैं देखूं जिस ओर प्रभु जी...-2
सामने तेरी सूरतिया..-2
मुख पर तेरा नाम प्रभु जी...-2
दिल में तेरी मूरतिया,
सामने तेरी सूरतिया॥

दर दर भटकूं हरि गुन गांऊ....-2
फिर भी तेरा दरस ना पाऊं,
तड़पूं निसदिन...
तड़पूं निसदिन ऐसो प्रभुजी,
जैसे जल मे माछरिया,
मैं देखूं जिस ओर प्रभु जी,
सामने तेरी सूरतिया॥

मैं कपटी खल कामी प्रभुजी...-2
कुटिल कुमारग गामी प्रभुजी,
पाप में मैं तो.....
पाप में मैं तो ऐसे डूबा,
जैसे जल मे गागरिया....-2
सामने तेरी सूरतिया,
मैं देखूं जिस और प्रभु जी,
सामने तेरी सूरतिया॥

मैं प्रभु तेरी शरण में आया....-2
चरणों मे प्रभु शीश झुकाया,
लाज हमारी.....
लाज हमारी अब तो राखो,
अब तो राखो सावरिया,
सामने तेरी सूरतिया,
मैं देखूं जिस ओर प्रभुजी...-2
सामने तेरी सूरतिया॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26065/title/main-dekhu-jis-aur-prabhu-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |